प्रेस नोट ***27/09/2024***

<u>चोरी के एक अदद मंगलसूत्र, एक अदद नाक की नथुनी (पीली धातु) व 05 अदद मल्टीमीडिया मोबाईलफोन तथा 500 रुपये के साथ एक शातिर चोर गिरफ्तार–</u>

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्रि के पर्वेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी घोसी दिनेश दत्त मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना घोसी पुलिस द्वारा उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब दिनांक 27.09.2024 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर ग्राम पिढवल से मु0अ0सं0 439/24 धारा 331,305 बीएनएल में प्रकाश में आये अभियुक्त अजीत कुमार पुत्र दूधनाथ निवासी ग्राम पिढवल थाना घोसी जनपद मऊ के कब्जे से चोरी की एक अदद मंगलसूत्र, नाक की नथुनी (पीली धातु) व 05 अदद मल्टीमीडिया मोबाईलफोन तथा 500 रुपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया । उक्त अभियोग में धारा 317(2) की बढोत्तरी कर चालान न्यायालय किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त –

1. अजीत कुमार पुत्र दूधनाथ निवासी ग्राम पिढवल थाना घोसी जनपद मऊ ।

बरामदगी–

1. एक अदद मंगलसूत्र पीली धातु ।
2. एक अदद नाक की नथुनी (पीली धातु)।
3. 05 अदद मल्टीमीडिया मोबाईलफोन ।
4. 500 रुपये नगद ।

गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम–

1. उ0नि0 दिनेश कुमार यादव थाना घोसी जनपद मऊ।
2. का0 आलोक कुमार राव थाना घोसी जनपद मऊ।

04 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 27.09.2024 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 03 वारण्टी अभियुक्तगण बाबूराम पुत्र लक्ष्मण राजभर निवासी ख्वाजाजहापुर थाना कोतवाली नगर, राजेन्द्र मल्लाह पुत्र झांगुर निवासी बल्लीपुरा थाना कोतवाली नगर, जयराम पुत्र फेकू निवासी बल्लीपुरा थाना कोतवाली नगर व थाना कोपागंज पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त ललन पुत्र सुरजु सोनकर निवासी फुलेनपुरा थाना कोपागंज जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया ।